अत्यावश्यक

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad1960@gmail Ph 0141-2706550

क्रमांकः— एफ—7(4)विविध/अकाद/आकाशि/2021/146 दिनांक :— 10.6.2021

समस्त प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान ।

विषयः—**वीडियो व्याख्यानों/पीडीएफ नोट्स को व्यवस्थित रूप से संधारित करने के सम्बन्ध में।**

सत्र 2020—21 में कोरोना महामारी के कारण ऑफ लाईन कक्षाओं का संचालन न हो पाने की स्थिति में, महाविद्यालयों में कार्यरत सह/सहायक आचार्यों द्वारा ऑन लाईन मोड के माध्यम से, विद्यार्थियों के लिये उनके विषय की पाठ्यक्रमानुसार सम्बन्धित समस्त सामग्री वीडियो व्याख्यान/पीडीएफ नोट्स के रूप में तैयार कर यू—ट्यूब पर एवं महाविद्यालय की साईट पर अपलोड किये गये। इसी क्रम में राज्य सरकार की बजट घोषणानुसार राजीव गांधी ई—कन्टेंट बैंक की स्थापना की गई, जिसमें आयुक्तालय स्तर पर प्रत्येक महाविद्यालय द्वारा अपलोड किये गये वीडियो व्याख्यानों एवं पीडीएफ नोट्स को संधारित किया जा रहा है।

अध्ययन के दौरान विद्यार्थियों द्वारा इस शिक्षण सामग्री का चयन सुगमता से हो सके, इस हेतु अभी तक अपलोड की गई सम्पूर्ण शिक्षण सामग्री के डेटाबेस को व्यवस्थित रूप से संधारित किये जाने की आवश्यकता है । अतः इस सम्पूर्ण शिक्षण सामग्री की उपलब्धता को विद्यार्थियों के लिये और अधिक सरल बनाये जाने हेतु निम्न प्रकिया को अपनाया जाना सुनिश्चित करें :—

1. सभी अपलोड किये गये वीडियो व्याख्यान/पीडीएफ नोट्स का सुव्यवस्थित वर्गीकरण कर संधारण करें । **(संलग्न प्रारूप अनुसार —A)**

2. फोल्डर की शब्दावली का नामकरण इस रूप से किया जाये कि एक विषय की समस्त शिक्षण सामग्री कमबद्ध रूप से उपलब्ध हो ।

3. सत्र 2020—21 में एवं आगामी समय में अपलोड किये जानेवाले वीडियो व्याख्यानों/पीडीएफ नोट्स को नियमित रूप से अद्यतन किया जाये, जिससे विषय की नवीनतम् जानकारियों का समयानुसार समावेश किया जा सके।

10/06
(संदेश नायक)
आयुक्त
कॉलेज शिक्षा, जयपुर।

प्रतिलिपि—निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:—
1. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. वेब प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर को अपलोड करने हेतु प्रेषित है।

(डॉ0 सौमित्र नाथ झा)
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)

प्रारूप नमूना



Faculty Name	Paper I,II,III	Unit	Topic	Video Link